
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**14 दिसम्बर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जब तक जीना तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

**स्वामी विवेकानंद जी**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर




भारत सरकार ने ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के तहत 1 मार्च, 2002 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की स्थापना की। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का मिशन भारतीय अर्थव्यवस्था की ऊर्जा गहनता को कम करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के समग्र ढांचे के भीतर स्व-नियमन और बाजार सिद्धांतों पर बल देने के साथ नीतियों और कार्य नीतियों को विकसित करने में सहायता करना है। बीईई नामित उपभोक्ताओं, नामित एजेंसियों और अन्य संगठनों के साथ समन्वय करता है और ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत उसे सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करने में विद्यमान संसाधनों और अवसंरचना को स्वीकार करता है, उसकी पहचान करता है और उनका उपयोग करता है। ऊर्जा संरक्षण अधिनियम में विनियामक और प्रचार संबंधी कार्यों का प्रावधान किया गया है।

ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर संदेश फैलाने और ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण में राष्ट्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रति वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है।

# जयंती विशेष 14 दिसम्बर




**रणबीर राज कपूर** *Raj Kapoor*, जन्म- 14 दिसंबर, 1924, पेशावर, पाकिस्तान मृत्यु- 2 जून, 1988, नई दिल्ली), हिन्दी फ़िल्म अभिनेता, निर्माता व निर्देशक थे। राज कपूर भारत, मध्य-पूर्व, तत्कालीन सोवियत संघ और चीन में भी अत्यधिक लोकप्रिय हैं। राज कपूर को अभिनय विरासत में ही मिला था। इनके पिता पृथ्वीराज अपने समय के मशहूर रंगकर्मी और फ़िल्म अभिनेता हुए हैं

 राकेश कुमार




# TOB
## खेल कॉर्नर




# 2025 में भारत के टॉप-5 T20I स्कोरर

| प्लेयर | | रन | मैच | 50/100 | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा |  | 756 | 17 | 1/5 | 135 |
| तिलक वर्मा |  | 380 | 16 | 0/2 | 72* |
| शुभमन गिल |  | 259 | 12 | 0/0 | 47 |
| संजू सैमसन |  | 185 | 14 | 0/1 | 56 |
| सूर्यकुमार यादव |  | 184 | 17 | 0/0 | 47* |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **14.12.2025**

## शिक्षक का ब्लूप्रिंट

शिक्षक का ब्लूप्रिंट (नील पत्र) एक विस्तृत योजना या खाका (**Blueprint**) है, जो एक शिक्षक को प्रश्न पत्र बनाने, पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने और मूल्यांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित करने में मदद करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी महत्वपूर्ण विषयों और उद्देश्यों को सही वेटेज (भार) के साथ कवर किया जाए; यह शिक्षण और मूल्यांकन को प्रभावी, विश्वसनीय और वैध बनाता है, जिससे छात्र-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा मिलता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



लिवरपूल में आयोजित 2025 **विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप** में देश का नाम रोशन करने वाली **भारतीय महिला मुक्केबाजों** ने **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु** से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

# ToB बूझो तो जानें..



543

एक पैर है काली धोती, जाड़े में वह हरदम सोती
गर्मी में है छाया देती, सावन में वह हरदम रोती
...बुझो तो जानें ?






संजय कुमार

# पद्य पंकज

"


चंचल पग दीप-शिखा से धर
गृह, मग, वन में आया वसंत।
सुलगा फाल्गुन का सूनापन,
सौंदर्य शिखाओं में अनंत।

**सुमित्रा नंदन पंत**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस
14 दिसंबर
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता,
निर्माता एवं निर्देशक
राज कपूर
की जयंती पर नमन।
जन्म- 14 दिसम्बर 1924-मृत्यु- 2 जून 1988
www.teachersofbihar.org
Madhu priya